# केसी दास कॉमर्स कॉलेज में संस्कृत दिवस आयोजित

**पूर्वांचल प्रहरी स्टॉफ रिपोर्टर**

**गुवाहाटी :** आज श्रावणी पूर्णिमा के दिन के. सी. दास कॉमर्स कॉलेज, गुवाहाटी में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र तथा संस्कृत भारती के सहयोग से संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एक अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषिकेश बरुवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कुमुद बरठाकुर ने संस्कृत का अध्ययन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता कमल शर्मा ने संस्कृत दिवस के महत्व पर बात की। आमंत्रित अतिथि डॉ. राधेश्याम तिवारी ने संस्कृत भाषा के विज्ञान के साथ संबंध पर अपनी बात रखी। बैठक का संचालन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्रध्यापक चिन्मय दास ने किया।